

SHRI SHARADCHANDRA GOVINDRAO PAWAR

Born on December 12, 1940, Shri Sharadchandra Govindrao Pawar hails from a farming family of Baramati, Pune in the State of Maharashtra (India). Entering politics at an early age, he became the President of the State Youth Congress at Twenty Four, Member of the State Assembly at Twenty Seven and joined the Maharashtra State Cabinet 5 years later. In 1978, he became the Chief Minister of Maharashtra State at the age of Thirty Eight, the youngest Chief Minister of the Country.

2. Shri Pawar completed two more terms as Chief Minister of Maharashtra before being appointed as the country's Defence Minister in June 1991. In March 1993, he became Chief Minister of Maharashtra for the fourth time. In 1995, he was elected as a Member of Parliament in Lok Sabha i.e. the House of the People and became Leader of the Congress Party in Lok Sabha. Shri Pawar was re-elected as a Member of Parliament (Lok Sabha) in 1998 and elected as the Leader of the Opposition, in May 2004, he was again elected as a Member of Parliament (Lok Sabha) and appointed as the Union Cabinet Minister of Agriculture & Consumer Affairs, Food and Public Distribution, in May 2009 and was re-appointed as Union Cabinet Minister for Agriculture & Consumer Affairs, Food and Public Distribution, for a 2nd Term. From January, 2011 to May 2014, he was holding the portfolio of Agriculture and Food Processing Industries. In April 2014, he was elected as a Member of Parliament (Rajya Sabha).

3. In recognition of his role in Parliament and public life, he was conferred the Outstanding Parliamentarian Award in September, 2007. Further, the Lawrence Technological University, Detroit, USA honoured him with the Degree of Doctor of Humanities for his public service and achievements.

4. Shri Pawar has taken keen interest in the development of sports in the country. He was the President of the Board of Control for Cricket in India (BCCI) during 2005-08. He was Vice-President of International Cricket Council (ICC) from 1st July 2008 and was its President from 1st of July, 2010 to 29th June, 2012. He was the Chairman of the Organising Committee of the 2011 World Cup Cricket tournament, hosted by India, along with Sri Lanka and Bangladesh. Shri Pawar is President of Maharashtra Olympic Association. He was also President of Asian Khabaddi Association, Maharashtra Kho-Kho Association and Maharashtra Wrestling Association.



श्री शरदचंद्र गोविंदराव पवार

श्री शरदचंद्र गोविन्दराव पवार का जन्म महाराष्ट्र राज्य के पुणे जिले के बारामती गांव के एक कृषक परिवार में हुआ। आप कम आयु में ही राजनीति के क्षेत्र में प्रवेश करते हुए मात्र चौबीस वर्ष की आयु में राज्य युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष, सत्ताइस वर्ष की आयु में राज्य विधान सभा के सदस्य बन गए तथा पांच वर्ष पश्चात आप महाराष्ट्र राज्य मंत्रिमंडल में शामिल हो गए। वर्ष 1978 में 38 वर्ष की आयु में आप महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने और आपको देश का सबसे युवा मुख्य मंत्री बनने का गौरव प्राप्त हुआ।

2. वर्ष 1991 में देश के रक्षा मंत्री के तौर पर नियुक्त होने से पूर्व आपने महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री के तौर पर दो और कार्यकाल पूर्ण किए। मार्च 1993 में आप चौथी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने। वर्ष 1995 में आप लोकसभा संसद सदस्य के तौर पर निर्वाचित हुए और लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के नेता चुने गए। वर्ष 1998 में आप पुन: संसद सदस्य (लोक सभा) के तौर पर निर्वाचित हुए तथा विपक्ष के नेता चुने गए । मई 2004 में आप पुन: लोक सभा संसद सदस्य के तौर पर चुने गए तथा केन्द्रीय कृषि एवं उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री के तौर पर नियुक्त हुए, वर्ष 2009 में आप पुन: निर्वाचित हुए तथा केन्द्रीय कृषि एवं उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं लोक संवितरण मंत्री के तौर पर दूसरी बार नियुक्त हुए। जनवरी, 2011 से मई 2014 तक आपने कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का कार्यभार संभाला। अप्रैल, 2014 में आप राज्य सभा संसद सदस्य के तौर पर निर्वाचित हुए।

3. संसद में तथा जन-जीवन में आपकी अहम भूमिका को गौरव देते हुए सितंबर, 2007 में आपको उत्कृष्ट संसद सदस्य पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा, आपकी लोक सेवा एवं उपलब्धियों के लिए लॉरिंस टेक्नॉलॉजी यूनिवर्सिटी, डेट्रायट, यूएसए ने आपको मानवीय विषय में डॉक्टर की मानद डिग्री प्रदान की।

4. आपने देश में खेलों के विकास में गहन रूचि ली है। वर्ष 2005-08 के दौरान आप भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष रहे हैं। आप 01 जुलाई, 2008 से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के उपाध्यक्ष तथा 01 जुलाई, 2010 से 29 जून, 2012 तक उसके अध्यक्ष रहे हैं। आप भारत द्वारा श्रीलंका एवं बंगलादेश के साथ मिलकर आयोजित किए गए 2011 विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भी रहे। आप महाराष्ट्र ओलंपिक संघ के अध्यक्ष भी है। आप एशियाई कबड्डी एसोसिएशन, महाराष्ट्र खो-खो एसोसिएशन तथा महाराष्ट्र कुश्ती एसोसिएशन के अध्यक्ष भी रहे हैं।